BHEEM PSC ACADEMY
हमारा लक्ष्य आपकी सफलता

# छत्तीसगढ़ मासिक करेंट अफेयर्स 2023

# माह- फरवरी

## PART-1

BHEEM
PSC ACADEMY

# 1. स्कूल शिक्षा मंत्री ने 31 शिक्षकों को 'मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण' पुरस्कार से किया सम्मानित



| | | |
|---|---|---|
| दिनांक | -- | 31 जनवरी, 2023 |
| किसके द्वारा | -- | डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम (स्कूल शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ ) |
| स्थान | -- | माध्यमिक शिक्षा मंडल परिसर |
| पुरस्कार | -- | 'मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण' |
| किसको | -- | 31 शिक्षकों को |




पुरस्कारो के प्रकार एवं प्राप्तकर्ता शिक्षकों की संख्या :---

| | | |
|---|---|---|
| शिक्षा दूत सम्मान | -- | 12 शिक्षक (विकासखंड स्तर ) |
| ज्ञानदीप | -- | 03 शिक्षक (ज़िला स्तर) |
| शिक्षा श्री | -- | 03 व्याख्याता (संभाग स्तर) |
| उत्कृष्ट प्राचार्य | -- | 05 प्राचार्य (प्रदेश स्तर) |
| उत्कृष्ट प्रधान पाठक | -- | 08 प्रधान पाठक (प्रदेश स्तर) |

# 1. स्कूल शिक्षा मंत्री ने 31 शिक्षकों को 'मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण' पुरस्कार से किया सम्मानित

## विशेष :-

1. मंत्री डॉ. टेकाम ने समारोह में विकासखंड स्तर पर कक्षा पहली से पाँचवी तक अध्यापन करने वाले शिक्षकों को शिक्षा दूत पुरस्कार में 5 हज़ार रुपए, ज़िला स्तर पूर्व माध्यमिक शाला के कक्षा छठवीं से आठवीं तक अध्यापन करने वालों शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरस्कार में 7 हज़ार रुपए, संभाग स्तर पर कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक अध्यापन करने वाले शिक्षकों को शिक्षा श्री पुरस्कार में 10 हज़ार रुपए की सम्मान राशि के साथ ही प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये।

2. उन्होंने इसके साथ ही ज़िला अंतर्गत अपने विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राचार्यों को 2 हज़ार रुपए, विकासखंड स्तर पर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधान पाठकों को एक-एक हज़ार रुपए की सम्मान राशि प्रदान की। सभी सम्मानित शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, शॉल, श्रीफल से सम्मानित किया गया।

3. गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार प्रतिवर्ष विकासखंड, ज़िला और संभाग स्तर पर मुख्यमंत्री गौरव अंलकरण योजना के अंतर्गत शिक्षकों को पुरस्कृत किया जाता है।

# 2. छत्तीसगढ़ की टीम को मिला सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक पोस्टर का पुरस्कार

| | | |
|---|---|---|
| दिनांक | -- | 1 फरवरी, 2023 |
| किसको | -- | डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज अस्पताल,(ईएनटी) विभाग,रायपुर |
| पुरस्कार | -- | 'सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार' |
| नोट | -- | 1. सिकंदराबाद के केआईएमएस अस्पताल में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन |

2. डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज अस्पताल के विभागाध्यक्ष डॉ. हंसा बंजारा ने बताया कि ईएनटी विभाग के ऑडियोलॉजिस्ट और स्पीच पैथोलॉजिस्ट की टीम ने माता-पिता द्वारा प्रत्यारोपण की देखभाल पर एक पोस्टर प्रस्तुति दी।

3. वैज्ञानिक पोस्टर मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत संचालित कॉक्लियर इम्प्लांट स्वास्थ्य सहायता (Cochlear implant health assistance) पर आधारित था।

4. सम्मेलन का आयोजन तेलंगाना ऑडियोलॉजिस्ट एंड स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट एसोसिएशन (TASLPA) और इंटरनेशनल सिंपोजियम ऑफ ऑडियोलॉजिकल मेडिसिन (ISAM) द्वारा किया गया था।

# 3. छत्तीसगढ़ के 16 बाल वैज्ञानिकों ने राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस में एवं 2 बाल वैज्ञानिकों ने इंडियन साइंस कॉन्ग्रेस में प्रस्तुत किया अपना शोध परियोजना

**दिनांक** -- **3 फरवरी, 2023**

**आयोजन** -- **राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस (अहमदाबाद)**

**आयोजनकर्ता** -- **कौंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार**


**शोध कार्य के विषय:-**

1. **अपने पारिस्थितिकी तंत्र को जानें**
2. **स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण को बढ़ावा देना**
3. **पारिस्थितिकी तंत्र और स्वास्थ्य के लिये सामाजिक और सांस्कृतिक प्रथाएँ**
4. **आत्मनिर्भरता के लिये पारिस्थितिकी तंत्र आधारित दृष्टिकोण**
5. **पारिस्थितिकी तंत्र और स्वास्थ्य के लिये तकनीकी नवाचार**

**चयनित विद्यार्थी:-** प्रियांश भादुड़ी, नंदिता केवट, रूपशिखा साहू, दिशा साहू, प्रियांशु पटेल, राधिका कँवर, भूमिका जोशी, करम सैमुअल, महेश्वर साहू, जाह्नवी ठाकुर, किरण कंवर, खुशी झा, मनोहर बघेल, प्रार्थना केवट, अन्विका गुप्ता एवं अनन्या सिंह

**नोट:-** इसके अलावा राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस से चयनित दो बाल वैज्ञानिक अनमोल मालवीय और कुमारी हर्षिता राठिया ने नागपुर, महाराष्ट्र में 3 से 7 जनवरी को आयोजित 108 वीं इंडियन साइंस कॉन्ग्रेस में अपना शोध परियोजना को प्रस्तुत किया था।

# 4. विधानसभा अध्यक्ष ने पेंड्री गौठान में रीपा का किया शुभारंभ





**दिनांक** -- 3 फरवरी, 2023

**शुभारंभकर्ता** -- डॉ. चरणदास महंत(छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष )

**स्थान** -- पेंड्री गौठान(जांजगीर-चांपा )

**प्रमुख बिंदु** --

- विधानसभा अध्यक्ष ने रीपा योजना के तहत गौठान में पूजन सामग्री यूनिट, कोसा यूनिट, मशरूम यूनिट का शुभारंभ करते हुए संबंधित हितग्राहियों से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के विषय में चर्चा की।
- जांजगीर-चांपा ज़िले में रीपा के अंतर्गत ग्रामीणों को रोज़गार से जोड़ने हेतु शेडयुक्त आजीविका गतिविधियों की शुरूआत की गई है। इससे ग्राम पेंड्री सहित आस-पास की महिलाएँ एवं युवाओं को स्वरोज़गार मिल सकेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मज़बूत होगी।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश में 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के दिन सभी ज़िलों में प्रदेश स्तरीय महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क योजना (रीपा) का शुभारंभ किया गया था।



BHEEM PSC ACADEMY
हमारा लक्ष्य आपकी सफलता

# 5. 'निकलर एप' द्वारा पढ़ाई कराने के लिये छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग को प्रतिष्ठित उत्कृष्टता पुरस्कार

| | | |
|---|---|---|
| दिनांक | -- | 5 फरवरी, 2023 को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा जानकारी दी गई |
| ग्रहण कर्ता | -- | स्कूल शिक्षा विभाग(छत्तीगसढ़) |
| प्रदानकर्ता | -- | सी.एस.आई. |
| प्राप्त पुरस्कार | -- | उत्कृष्टता पुरस्कार |
| क्यों | -- | छत्तीसगढ़ में स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में 'निकलर एप'द्वारा पढ़ाई कराने के लिये |
| प्रमुख बिंदु | -- | 1. जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग को परियोजना श्रेणी के तहत् 20वें सीएसआई एसआईजी ई-गवर्नेंस अवार्ड 2022 के लिये प्रस्तुत 'इनोवेटिव असेसमेंट टूल-एनआईसीलर' (पीआरजे 22008) का नामांकन उत्कृष्टता पुरस्कार के लिये चुना गया है।<br>2. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 14 नवंबर, 2022 को लॉन्च किये गए सुघ्घर पढ़वैया कार्यक्रम में भी स्कूलों का आकलन निकलर एप के माध्यम से बहुत कम समय में किया जा सकेगा। इसके लिये भी शिक्षकों को तैयार किया जा रहा है। |


# 6. शिक्षक रुद्रप्रताप सिंह राणा को लाइव्स रियल हीरोज ऑफ इंडिया अवार्ड से नवाज़ा गया

| | | |
|---|---|---|
| अवार्ड | -- | लाइव्स रियल हीरोज ऑफ इंडिया अवार्ड 2023 |
| प्रदानकर्ता | -- | 'आस एक प्रयास'ट्रस्ट,नई दिल्ली |
| ग्रहण कर्ता | -- | सहायक शिक्षक रुद्रप्रताप सिंह राणा(शासकीय प्राथमिक शाला सकड़ा,कोरिया ) |
| प्रमुख बिंदु | -- | 1. सिक्किम के राज्यपाल गंगा प्रसाद और आचार्य प्रद्युम्न (योग गुरु बाबा रामदेव के गुरु) ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।<br>2. 'आस एक प्रयास' संस्था द्वारा हर वर्ष देशभर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मानवता एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित एवं विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया जाता है।<br>3. 'नीली छतरी वाले गुरुजी' के नाम से विख्यात शिक्षक रुद्रप्रताप सिंह राणा ने कोरोना काल में बच्चों को सुरक्षित रखते हुए पढ़ाई से जोड़े रखा। उनकी कहानी सभी को प्रेरणा देती है कि जीवन को कैसे महान बनाया जा सकता है। |

नोट:- शिक्षक रुद्रप्रताप सिंह राणा 'निपुण भारत अभियान' के तहत एफएलएन के 5 सदस्यीय टीम में शामिल हैं। उन्होंने एनसीईआरटी नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रस्तुति भी दी है। 'लाईफ्स रियल हीरो'पुस्तक में उनके जीवन के ऊपर विस्तृत प्रकाश डाला गया है, जो सभी कर्मठ शिक्षकों को प्रेरित एवं गौरवान्वित करता है।

BHEEM PSC ACADEMY
BHEEM PSC ACADEMY
हमारा लक्ष्य आपकी सफलता

# 7. 'तिरोहित तितुरघाट' पुस्तक का विमोचन



दिनांक -- 8 फरवरी, 2023

विमोचनकर्ता -- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी

विमोचित पुस्तक -- 'तिरोहित तितुरघाट' (गोविंद पटेल )

प्रमुख बिंदु --

| | |
|---|---|
| 1. | इस पुस्तक का संपादन गोविंद पटेल ने किया है तथा भूमिका पुरातत्त्वाविद् प्रभात सिंह ने लिखी है। यह पुस्तक धमधा के तितुरघाट में दो दर्जन से अधिक सती स्तंभों के पुरातात्त्विक साक्ष्य और उनकी विशेषता पर आधारित है। |
| 2. | धर्मधाम गौरवगाथा समिति ने तितुरघाट के तिरोहित (भुला दिये गए) तालाब को फिर से ढूंढा और श्रमदान व जनसहयोग से उसकी फिर से खुदाई की। इस स्थान की प्राचीनता व ऐतिहासिकता के साथ ही तालाब के महत्त्व को दर्शाने के लिये इस पुस्तक का प्रकाशन किया गया है। |
| 3. | इस पुस्तक में शिवनाथ नदी के किनारे स्थित 500 साल पुराने चतुर्भुजी तितुरघाट गाँव की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि बताई गई है। यह गाँव अब वहाँ से उजड़ गया है, परंतु गाँव का ऐतिहासिक और पुरातात्त्विक महत्त्व दर्शाने वाले सौ से अधिक शिलाखंड, स्थापत्य खंड वहाँ बिखरे पड़े हैं, जिनमें तीन शिलालेख और दो दर्जन सती स्तंभ मिले हैं। यहाँ एक मंदिर और तालाब भी थी। धर्मधाम गौरवगाथा समिति ने इस विलुप्त तालाब का पुनर्निर्माण करवाया। |
| 4. | उल्लेखनीय है कि गोविंद पटेल इससे पहले टमाटर की बंपर पैदावार, तकदीर बदल सकते हैं सुनहरे दाने, छत्तीसगढ़ को तंदुरुस्त बना सकती है भाजी और छ: कोरी छ: आगर, तरिया अऊ बूढ़वा नरवा नाम की पुस्तिका का प्रकाशन कर चुके हैं। |

# 8. देश के आकांक्षी ज़िलों में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर ज़िला शीर्ष पाँच में शामिल

BHEEM PSC ACADEMY
हमारा लक्ष्य आपकी सफलता

| | | |
|---|---|---|
| दिनांक | -- | 8 फरवरी, 2023 |
| जारीकर्ता | -- | नीति आयोग |
| जारी आकांक्षी ज़िलों की रिपोर्ट | -- | 'चैंपियन ऑफ चेंज डेल्टा रैंकिंग' |
| प्राप्त स्थान | -- | छत्तीसगढ़ के नारायणपुर ज़िला शीर्ष पाँच ज़िलों में चौथे स्थान |
| प्रमुख बिंदु | -- | 1. इस रिपोर्ट में देश में घोषित 112 आकांक्षी ज़िलों में से ओवरऑल परफॉर्मेंस श्रेणी में शीर्ष पाँच ज़िलों में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर ज़िला चौथे स्थान पर है। वहीं स्वास्थ्य और पोषण श्रेणी में नारायणपुर ज़िले का स्थान तीसरा है।<br>2. नारायणपुर ज़िले का स्वास्थ्य और पोषण में स्कोर 72.5 तथा शिक्षा में 57.5 स्कोर है। वहीं सभी क्षेत्रों का समग्र स्कोर 53 हैं। |

# 9. छत्तीसगढ़ के नए राज्यपाल बने श्री बिस्वा भूषण हरिचंदन



- 12 फरवरी, 2022 को केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश के राज्यपाल बिस्वा भूषण हरिचंदन को छत्तीसगढ़ का नया राज्यपाल बनाया है। वह प्रदेश की वर्तमान राज्यपाल अनुसुइया उइके का स्थान लेंगे।
- गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और लद्दाख के उपराज्यपाल राधा कृष्णन माथुर के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है और 13 राज्यपाल और उपराज्यपालों की नियुक्ति की है।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुइया उइके को मणिपुर की राज्यपाल नियुक्त किया है और आंध्र प्रदेश के राज्यपाल को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त किया है।
- विदित है कि 84 वर्षीय बिस्वा भूषण हरिचंदन ओडिशा के भुवनेश्वर और चिल्का विधानसभा से 5 बार विधायक रह चुके हैं।
- श्री बिस्वा भूषण हरिचंदन ने 1971 में जनसंघ के साथ अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था, जिसके बाद 1977 में जनता पार्टी गठित होने तक वे जनसंघ के आंध्र प्रदेश के महासचिव रहे। इसके साथ ही हरिचंदन जनसंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य भी रहे।
- 1980 से 1988 तक वे बीजेपी की प्रदेशाध्यक्ष भी रहे। उन्होंने 2004 में आंध्र प्रदेश की बीजेपी और बीजेडी सरकार में कैबिनेट मंत्री के तौर पर भी काम किया।





# 10. मंच संचालन के लिये कामिनी कौशिक का नाम ‘गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स’ में दर्ज

**दिनांक** -- 14 फरवरी, 2023

**ग्रहण कर्ता** -- कामिनी कौशिक (धमतरी)







**नोट** -- धमतरी ज़िले के कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने धमतरी नगर की महिला कामिनी कौशिक को एंकरिंग के क्षेत्र में अधिकतम संचालन के लिये गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की ओर से सर्टिफिकेट, मैडल, लोगो और टी-शर्ट प्रदान किया।

**कामिनी कौशिक** -- धमतरी ज़िले की मंच संचालिका कामिनी कौशिक हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में ही मंच संचालन करने में पारंगत हैं। कामिनी धमतरी में अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ाती है। इन्होंने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराने के लिये लगभग 1500 साक्ष्य प्रस्तुत किये थे।

# 10. मंच संचालन के लिये कामिनी कौशिक का नाम 'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज

## गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड (GBWR) --

| | |
|---|---|
| 1 | गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड (GBWR) एक विशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय रिकॉर्ड बुक है। इस रिकॉर्ड बुक का उद्देश्य उन लोगों को एक मंच देना है जिनमें कुछ छिपी प्रतिभा है, जो दूसरों से आगे खड़े होना चाहते हैं और अद्वितीय प्रयास करके इतिहास के सुनहरे पन्नों में अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं। |
| 2 | गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दुनिया भर में ऐसे प्रतिभाशाली लोगों के लिये अद्वितीय उपलब्धियों को पहचानने और प्रकाशित करने के लिये सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। |
| 3 | गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड न केवल किसी व्यक्ति /संगठन को रिकॉर्ड तोड़ने का प्रमाण पत्र देता है बल्कि आम आदमी को कई रिकॉर्ड भी सुझाता है जिसे वे तोड़ सकते हैं और इस प्रतिस्पर्धी दुनिया में अपनी पहचान बना सकते हैं। |
| 4 | गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड रिकॉर्ड बनाने या तोड़ने के साथ पर्यावरण के अनुकूल और सामाजिक गतिविधियों को करने के लिये कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSRs) के लिये एक अच्छा अवसर प्रदान करता है, जो कॉर्पोरेट ब्रांडिंग और नए उत्पादों और सेवाओं के प्रचार के लिये भी उपयोगी है। |



# 11. कृषि मंत्री ने 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' कार्यक्रम का शुभारंभ किया

**दिनांक** -- 8 फरवरी, 2023

**शुभारंभकर्ता** -- कृषि मंत्री श्री रविंद्र चौबे

**कार्यक्रम** -- 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ'

**प्रमुख बिंदु** --







1. किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत पॉलिसी दी गई।
2. इसके साथ ही 15 फरवरी से ज़िला स्तर पर सांसद, विधायक या कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमित कृषकों को कुल 2 लाख 23 हज़ार 873 तथा मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत कुल 13 हज़ार 487 कृषकों को पॉलिसी बीमा कंपनी द्वारा वितरित की जाएगी।
3. उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजनांतर्गत विपरीत मौसमीय परिस्थितियों से फसल हानि की आर्थिक सुरक्षा के लिये व्यापक फसल बीमा आवरण प्रदान किया जाता है, इन योजनाओं में अनाज, दलहन, तिलहन एवं उद्यानिकी फसलों को शामिल किया गया है।
4. अधिसूचित फसलों हेतु ऋणी एवं अऋणी किसानों के लिये योजना स्वैच्छिक है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं मौसम आधारित फसल बीमा योजना प्रारंभ वर्ष 2016-17 से वर्ष 2022-23 तक कृषक द्वारा देय प्रीमियम राशि 06 करोड़ के बदले दावा राशि 6235.24 करोड़ रुपए का भुगतान पात्र कृषकों को किया गया है।
5. मौसम रबी वर्ष 2021-22 अंतर्गत कृषक द्वारा देय प्रीमियम राशि 17.90 करोड़ रुपए के विरूद्ध राशि 382.10 करोड़ रुपए का दावा भुगतान कृषकों को किया गया है।